राजस्थान के पुलिस विभाग में 500 मोबाइल यूनिट्स का होगा गठन

चर्चा में क्यों?

19 अक्टूबर, 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में पुलिस विभाग के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण की दिशा में 108 एंबुलेंस की तर्ज़ पर 500 नवीन मोबाइल यूनिट्स के गठन के प्रस्ताव को मंज़ूरी प्रदान की।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने बताया कि इन मोबाइल यूनिट्स को अभय कमांड सेंटर (डायल 100/डायल 112) से जोड़ा जाएगा तथा प्रत्येक यूनिट के लिये 1 हेड कॉन्सटेबल और 2 कॉन्सटेबल तैनात होंगे। इस प्रकार 24 घंटे हेतु 3 हेड कॉन्सटेबल व 6 कॉन्सटेबल की आवश्यकता होगी।
- उन्होंने बताया कि इन यूनिट्स के गठन हेतु 500 वाहन किराए पर लिया जाना प्रस्तावित है। इन यूनिट्स का संचालन पुलिस में उपलब्ध नफरी द्वारा किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री के इस निर्णय से पुलिस की दक्षता और कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा आमजन की समस्याओं के निराकरण में सुगमता होगी। इन मोबाइल यूनिट्स के गठन से पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ने के साथ ही आपराधिक घटनाओं में भी कमी आएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/500-mobile-units-will-be-formed-in-the-police-department-of-rajasthan